खबर एक नजर में

क्रिसमस और नए साल पर सुबह पांच बजे तक चलेगा जश्न

प्रमुख संवाददाता | मुंबई. राज्य सरकार ने पार्टी के शौकीनों के लिए क्रिसमस और नए साल का तोहफा दिया है। होटल, परमिट रूम और पबों को 24, 25 और 31 दिसंबर को सुबह 5 बजे तक खुला रखने की इजाजत दे दी गई है। होटल मालिकों के संगठन होटल एंड रेस्टारेंट एसोसिएशन वेस्टर्न इंडिया (एचआरएडब्ल्यूआई) ने गृह विभाग के प्रमुख सचिव, राज्य के पुलिस महानिदेशक और मुंबई के पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर इस साल सुबह पांच बजे तक होटल, पब, रेस्टारेंट आदि खुला रखने की इजाजत मांगी थी, जिसे स्वीकार कर लिया गया। सामान्य दिनों में इन प्रतिष्ठानों को रात डेढ़ बजे तक ही खुला रखने की इजाजत होती है। एचआरएडब्ल्यूआई के अध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने कहा कि हमें खुशी है कि सरकार ने हमारी मांग स्वीकार कर ली, अब हम अपने पैकेज

H&RA™
WESTERN INDIA
Estd : 1951